## एक नजर में

### मोतियाबिंद की नि :शुल्क सर्जरी के लिए 59 मरीजों को इंदौर भेजा




**खण्डवा ।** राष्ट्रीय अंधत्व निवारण कार्यक्रम के तहत स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा खालवा व हरसूद विकासखण्ड के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में नि :शुल्क नेत्र जांच शिविर लगाकर मरीजों का नेत्र परीक्षण किया गया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ . ओ .पी . जुगतावत ने बताया कि शिविर में 223 मरीजों की आंखों की जांच के बाद मोतियाबिंद सर्जरी के लिए 59 मरीजों का चयन किया गया। इन सभी मरीजों को सोमवार को नि :शुल्क ऑपरेशन के लिए विशेष वाहन से इंदौर के चौइथराम नेत्रालय भेजा गया।

### भादलीखेड़ा में बनाया "बोरी बंधान"



**खण्डवा।** खण्डवा जिले में कलेक्टर ऋषव गुप्ता के मार्गदर्शन में ''मिशन अमृत संचय'' अभियान के तहत जल संरक्षण के क्षेत्र में लगातार कार्य कराए जा रहे हैं। इसके तहत नदी नालों में बहते पानी को रोककर आसपास के क्षेत्र का जलस्तर बढ़ाने के उद्देश्य से गांव-गांव में बोरीबंधान संरचनाएं बनाई जा रही हैं। इसी क्रम में सोमवार को मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद द्वारा पुनासा विकासखण्ड के ग्राम भादलीखेड़ा में तालाब के पास नाले पर श्रमदान कर बोरी बंधान बनाया गया। कार्यक्रम नवांकुर संस्था ग्राम विकास सेवा समिति चिकटीखाल,ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति भादलीखेड़ा, प्रस्फुटन समिति दामखेड़ाखुर्द प्रस्फुटन समिति पालसूद रैयत एवम किसानों के सहयोग से आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विकासखण्ड समन्वयक मोहन जाट ने जल संचय अभियान कार्यक्रम में बोरी बंधान के महत्व को सभी लोगों तक जल की महत्व व उपयोगिता के बारे में बताया।

### सद्भावना मंच द्वारा ध्यान शिविर आयोजित



**खंडवा।** विश्व ध्यान दिवस के अवसर पर सद्भावना मंच कार्यालय पर आर्ट ऑफ़ लिविंग ध्यान केन्द्र के आयुष गायकवाड, एवं नेहा तथा प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ध्यान केंद्र के शिव अरोरा द्वारा अपने-अपने ध्यान प्रणाली के बारे में विस्तार से जानकारी दी तथा उस मुताबिक ध्यान भी कराया। मंच सदस्य कमल नागपाल ने बताया ध्यान करने के बाद सदस्यों ने कई प्रश्न किए तथा अपने अनुभव बताएं। कार्यक्रम में ध्यान गुरुओं का सम्मान किया गया। इस अवसर पर मंच संस्थापक प्रमोद जैन,पूर्व डीएसपी आनंद तोमर,सुरेंद्र गीते, ओम पिल्ले, गणेश भावसार, राधेश्याम शाक्य, डॉ जगदीश चंद्र चौरे, देवेंद्र जैन, योगेश गुजराती, दिलीप गंगराड़े, योगेश गदले, चौधरी जी,अर्जुन बुंदेला, सुनील उपमन्यु, करण सिंह लखोर, त्रिलोक चौधरी, सुभाष मीणा, कैलाश पटेल आदि मौजूद थे।

### प्राइवेट वार्ड का शुल्क निर्धारित 1 जनवरी से गेट पास व्यवस्था लागू होगी



**खंडवा।** कलेक्टर ऋषव गुप्ता ने सोमवार को जिला अस्पताल में रोगी कल्याण समिति की बैठक ली। बैठक में उन्होंने दंत चिकित्सा वार्ड की डेंटल चेयर क्रय करने के निर्देश दिए। उन्होंने बैठक में कहा कि आगामी 1 जनवरी 2026 से मरीजों के परिजनों के लिए गेट पास की व्यवस्था शुरू करें। उन्होंने जिला अस्पताल के नए भवन के बी ब्लॉक के पास उद्यान विकसित करने के लिए भी कहा। कलेक्टर श्री गुप्ता ने प्राइवेट वार्ड तत्काल शुरू करने के निर्देश भी दिए। बैठक में तय किया गया कि प्राइवेट वार्ड के लिए मरीजों से 500 रूपए प्रतिदिन शुल्क लिया जाएगा। बैठक में तय किया गया कि इकोकार्डियोग्राफी का शुल्क भी 500 रूपए निर्धारित रहेगा। कलेक्टर श्री गुप्ता ने बैठक में निर्देश दिए कि जिला अस्पताल और मेडिकल कॉलेज भी निर्धारित प्रक्रिया का पालन करते हुए गुणवत्ता प्रमाण पत्र प्राप्त करने की कार्यवाही करें। बैठक में जिला पंचायत के सीईओ डॉ . नागार्जुन बी . गौड़ा, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर ओ .पी . जुगतावत, सिविल सर्जन डॉ . अनिरुद्ध कौशल, समिति के सदस्य सतनाम सिंह होरा, दिलीप हिंदूजा और भावेश बिल्लोरे भी मौजूद थे। बैठक के बाद कलेक्टर श्री गुप्ता ने दंत चिकित्सा ओपीडी का भी निरीक्षण किया।

### खंडवा में सोशल मीडिया के लिए वीडियो बनाना एक नाबालिग को भारी पड़ गया

**खंडवा।** शादी में शामिल होने खंडवा आए खरगोन के नाबालिग ने मालगोदाम क्षेत्र में खड़ी मालगाड़ी पर चढ़कर रील बनानी शुरू कर दी। इसी दौरान वह रेलवे की 25 हजार वॉट की ओवरहेड हाईटेंशन लाइन की चपेट में आ गया। समाजसेवी सुनील जैन ने बताया कि करंट लगते ही नाबालिग बुरी तरह झुलस गया और मालगाड़ी से नीचे गिर पड़ा। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय लोगों की मदद से घायल नाबालिग को जिला अस्पताल लाया गया, जहां उसकी गंभीर हालत को देखते हुए डॉक्टरों ने उसे इंदौर रेफर कर दिया। घायल नाबालिग खरगोन जिले का रहने वाला है, जो खंडवा में अपने रिश्तेदार के यहां शादी समारोह में शामिल होने आया था। शादी छोड़कर वह मालगोदाम पहुंचा और मालगाड़ी के ऊपर चढ़कर सेल्फी और वीडियो बना रहा था। यह पूरा मामला खंडवा के मालगोदाम क्षेत्र का है। समाजसेवी सुनील जैन सभी युवा एवं आम जनों से अनुरोध किया कि सोशल मीडिया के लिए सेल्फी और रील बनाने मैं पूरी तरह से सतर्कता रखें। जिससे कोई बड़ी घटना ना हो । जिससे हमारी जान खतरे में आ जाए। पल भर के शौक के लिए जीवन बर्बाद ना करें।

# 27 दिसंबर को खंडवा में रूपहले पर्दे का बड़ा कंसर्ट


**नवभारत न्यूज**

**खंडवा। रुपहले पर्दे की चकाचौंध से खंडवा अछूता नहीं है। मुंबई से सीधे कांटेक्ट रेल माध्यम के कारण खंडवा के रहे हैं। यहां की हस्तियां मुंबई जाकर मायानगरी में अपने हुनर का जलवा दिखाती रही हैं।**

इनमें से उभरते कलाकार योगेंद्र वाघे भी हैं। वे 27 दिसंबर को खंडवा में फिल्म से जुड़े लोगों का बड़ा कंसर्ट करने जा रहे हैं। अनाज मंडी में यह आयोजन होगा।

### टी-सीरीज ने दिलाई पहचान

टी सीरीज के एल्बम एवं फ़िल्मों में बेहतर संगीत ने योगेन्द्र वाघे को रातों रात स्टार बना दिया। टी सीरीज एवं ज़ी म्यूजिक जैसी नामी कंपनियों ने योगेन्द्र की आवाज़ को देश के घर घर तक पहुंचाया, जिसके बाद योगेन्द्र ने कई हिट एल्बम दिए।



### दादाजी के कई गीत भी गाए

श्री दादाजी पर भी योगेन्द्र ने कई हिट एल्बम दिए, जिसे अब तक हर प्लेटफार्म पर 30 मिलियन से भी अधिक लोगों का आशीर्वाद मिल चुका है।

योगेन्द्र वाघे ने बचपन में 3 साल की उम्र से ही गाना शुरू कर दिया था। पिछले 20 सालो से बॉलीवुड फ़िल्म इंडस्ट्री का एक स्थापित नाम बन चुके हैं। अब तक हिंदी मराठी,पंजाबी फ़िल्मों में संगीत एवं गायन कर चुके हैं।

योगेंद्र बताते है की जो भी कुछ हूँ बच्चन सर के मार्गदर्शन से ही हूँ। उनका आशीर्वाद एवं मार्गदर्शन समय समय पर मिलता रहता है।

#### कपिल शर्मा शो और केबीसी के संगीतकार आएंगे

योगेंद्र भाग्य ने बताया कि उनके साथ शाहरुख ख़ान की फ़िल्म 'जीरो' में बेहतर अभिनय करने वाली अभिनेत्री एलीना एवं कपिल शर्मा शो एवं केबीसी शो के बॉलीवुड म्यूजिशियन प्रस्तुति देंगे। कॉन्सर्ट जनता के लिए निशुल्क रहेगा। 15 बॉलीवुड म्यूजिशियन के साथ कॉन्सर्ट होगा।

#### अभिनेत्री एलीना भी आएंगी



समाजसेवी सुनील जैन ने बताया कि शाहरुख खान के साथ फ़िल्म जीरो में बेहतर अभिनय के लिए प्रसिद्ध एलीना बॉलीवुड एक्ट्रेस योगेंद्र वाघे के साथ खंडवा आएंगी। प्रसिद्ध कपिल शर्मा शो के म्यूजिशियन एवं केबीसी के प्रसिद्ध बॉलीवुड म्यूजिशियन भी योगेन्द्र वाघे के साथ प्रस्तुति देंगे। सिंगर गरिमा भी आएंगी।

# रैन बसेरा में सर्दी से बचाव के इंतजाम पर सख्त हुईं महापौर

**नवभारत न्यूज**

**खंडवा। उत्तरी हवाएं तेजी से ठंड लेकर आ रही हैं। हजारों मील दूर के लोग भी कंप-कंपा गए हैं। निमाड़ में सर्दी नए रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गई है।**

संपन्न और मध्यम तबके तक ठंड से बचने के इंतजाम कर रहे हैं, लेकिन ऐसी व्यवस्था नहीं है,उनके लिए नगर निगम और महापौर ने बड़ी मुहिम चलाई है। रैन बसेरों में कंबल और शहर की सड़कों पर अलाव के इंतजाम किए जा रहे हैं।

महापौर अमृता अमर यादव के मार्गदर्शन में आयुक्त द्वारा रैन बसेरा का निरीक्षण, मूलभूत सुविधाओं का इंतजाम कर रहे हैं।

### महिला व पुरुषों के लिए अलग-अलग व्यवस्था

रैन बसेरा में लगभग 15 महिलाओं के लिए आरक्षित व्यवस्था है, वहीं 15 से 20 पुरुषों के ठहरने की सुविधा उपलब्ध है। वर्तमान में यहां लगभग 10 से 15 महिलाएं तथा 15 से 20 पुरुष रात्रि विश्राम कर रहे हैं। आवश्यकता पड़ने पर महिलाओं एवं बच्चों को प्राथमिकता दी जाती है, ताकि उन्हें सुरक्षित एवं सुविधाजनक वातावरण मिल सके।

### वर्तमान स्थिति और क्षमता

आज की स्थिति में रैन बसेरा में लगभग 40 से 50 लोग विश्राम करते पाए गए। नगर निगम द्वारा निरंतर यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि किसी भी जरूरतमंद को ठंड के मौसम में असुविधा न हो और सभी को सम्मानजनक आश्रय उपलब्ध हो।

#### सौंदर्यीकरण व रिपेयरिंग करेंग

निरीक्षण के दौरान आयुक्त प्रियंका राजावत ने रैन बसेरा की स्वच्छता एवं सौंदर्यीकरण को और बेहतर बनाने के उद्देश्य से रेड कार्पेट की व्यवस्था करने के निर्देश भी दिए, ताकि परिसर अधिक सुव्यवस्थित और आकर्षक बन सके।





#### सर्दी से बचाव मुख्य उद्देश्य

आयुक्त प्रियंका राजावत ने पुराना बस स्टैंड स्थित अस्थाई रैन बसेरा का निरीक्षण किया। रैन बसेरा में ठहरने वाले नागरिकों के लिए ठंड से बचाव हेतु गद्दे एवं कंबल उपलब्ध कराए जा रहे हैं, जो नगर निगम द्वारा निःशुल्क प्रदान किए जाते हैं रैन बसेरा में कुल तीन कमरे उपलब्ध हैं, जिनमें से एक भाग महिलाओं के लिए आरक्षित है। महिला एवं पुरुषों के लिए पृथक व्यवस्था की गई है।

# इंदौर के दो युवकों को 'लाइफ-बाय' जवानों ने सुरक्षित निकाला

**नवभारत न्यूज**

**खण्डवा। ओंकारेश्वर के घाट मौत के दूत बन रहे हैं। इसके लिए प्रशासन ढंग की व्यवस्था नहीं कर पा रहा है। दिसंबर अंत और जनवरी के पहले सप्ताह में श्रद्धालु 3 लाख प्रतिदिन आने की संभावना है। कलेक्टर इसके लिए चिंतित हैं, परंतु नर्मदा के घाटों पर मौतें नहीं रोक पा रहे हैं।**

हाल ही में इंदौर के दो युवक मझधार में फंस गए। उन्हें होमगार्ड के जवानों ने सूझबूझ से रास्ते के सहारे बाहर निकाल लिया।

इन्दौर से ओंकारेश्वर आए 2 युवक संजय पिता विनोद एवं श्रीधर पिता संजय शुक्ला निवासी सुदामा नगर सोमवार को नर्मदा स्नान के दौरान ब्रम्हपुरी घाट पर बढ़ते जलस्तर में बहाव के साथ बहने लगे।

मौके पर तैनात एस.डी.ई.आर.एफ. के सैनिक राकेश पटेल व तेजपाल ने युवकों को डूबता देख नदी में लाइफबॉय को रस्से की सहायता से युवकों की ओर फेंका। जिसे पकड़ने पर उन्हें सुरक्षित रूप से खींचकर बाहर निकाल लिया।

### जवानों ने दी नई जिंदगी


होमगार्ड के डिस्ट्रिक्ट कमाण्डेन्ट आशीष कुशवाहा ने बताया कि दोनों जवानों की सूझबूझ से एक अप्रिय घटना को होने से बच गई। घटना के बाद दोनों युवाओं ने होमगार्ड तथा एस.डी.ई.आर.एफ. टीम के काम की प्रशंसा की। उन्होंने बताया कि होमगार्ड के जवान ओंकारेश्वर में घाटों पर लगातार मुस्तैद रहकर ड्यूटी देते रहे हैं।



# पुस्तक प्रदर्शनी एवं संगोष्ठी का आयोजन

**नवभारत न्यूज**

**खंडवा।** प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस, श्री नीलकंठेश्वर शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, खंडवा में महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. एस.पी.सिंह के मार्गदर्शन में भारतीय ज्ञान परम्परा की माह दिसम्बर 2025 गतिविधि राष्ट्रीय गणित दिवस के अंतर्गत "गणित के क्षेत्र में भारतीय ज्ञान परंपरा का अवदान" विषय पर निबंध प्रतियोगिता, पुस्तक प्रदर्शनी एवं संगोष्ठी का आयोजन किया गया । पुस्तक प्रदर्शनी का शुभारंभ संस्था के प्राचार्य डॉ. एसपी सिंह एवं गणित विभागाध्यक्ष प्रो पी.के पाटिल, डॉ .अविनाश दुबे एवं पुस्तकालय प्रभारी हेमलता नागर द्वारा किया गया। गणित दिवस पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में पूनमचंद गुप्ता महाविद्यालय की प्राध्यापक अमिता शर्मा एवं महाविद्यालय के वरिष्ठ प्राध्यापक गण उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि द्वारा गणित के क्षेत्र में भारतीय ज्ञान परंपरा का अवदान" विषय पर प्रकाश डाला गया। उन्होंने प्राचीन गणितज्ञ आर्यभट्ट ,ब्रह्मगुप्त एवं भास्कराचार्य तथा श्रीनिवासन रामानुजन के योगदान से विद्यार्थियों को अवगत कराया। उन्होंने बताया कि "भारतीय गणित विरासत है, गौरव है एवं भविष्य हैं"।



भारतीय गणित दिवस पर संस्था के वरिष्ठ प्राध्यापक एस .के गोयल द्वारा विद्यार्थियों को श्रीनिवास रामानुजन के जीवन परिचय से अवगत कराया गया। वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ अविनाश दुबे द्वारा रामानुजन द्वारा प्रदत्त हार्डी नम्बर 1729 के बारे में विद्यार्थियों को अवगत कराया गया।

प्राध्यापक डॉ पी .के पाटिल द्वारा भी गणित के क्षेत्र में रामानुजन जी के योगदान से विद्यार्थियों का अवगत कराया गया। उनके द्वारा बताया गया कि विज्ञान के हर क्षेत्र में गणित का महत्व है । प्राध्यापक डॉ सोनू सेन द्वारा भारतीय ज्ञान परंपरा के संदर्भ में गणित विषय के दैनिक जीवन में उपयोगी वैदिक शास्त्र के ऊपर चर्चा की गई। उनके द्वारा बताया गया की गणित विषय भारतीय ज्ञान परंपरा में प्राचीन समय से विद्यमान है। ऋषि मुनियों के द्वारा यज्ञ वेदिकाओं का निर्माण भी गणितीय ज्यामिति का प्रयोग कर किया जाता था। संस्था के प्राचार्य डॉ .एस .पी सिंह द्वारा भी वेदों उपनिषदों एवं प्राचीन परंपराओं में गणित की उपयोगिता पर प्रकाश डाला गया ।

उक्त दिवस के उपलक्ष्य में "वैदिक गणित के विशिष्ट" विषय पर निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें सोनू राठौर द्वारा प्रथम स्थान ,पलक शुक्ला द्वारा द्वितीय स्थान एवं हर्षिता विश्वकर्मा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राध्यापक डॉ .नरेंद्र बघेल, प्रो. शर्मिला मीणा, डॉ. अंजलि गंगराड़े , प्रो .पूजा वर्मा, प्रो. ओम प्रकाश कोठारी एवं प्रो सुनीता सिसोदिया उपस्थित रहे। आभार प्रो शर्मिला मीणा द्वारा व्यक्त किया गया।

# "बस्ती विकास योजना" के तहत स्वीकृत सभी कार्य शीघ्र पूर्ण करें

**नवभारत न्यूज**

***खण्डवा । कलेक्टर ऋषव गुप्ता ने जिले के सभी जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि जनजातीय कार्य विभाग द्वारा "बस्ती विकास योजना" के तहत स्वीकृत कार्यों को शीघ्रता से पूर्ण कराएं।***

उन्होंने सभी सीईओ को निर्देश दिए हैं कि इन कार्यों को पूर्ण कराकर उनके पूर्णता प्रमाण पत्र एवं उपलब्ध कराई गई राशि के उपयोगिता प्रमाण पत्र भी जारी करें। कलेक्ट्रेट में सोमवार को आयोजित बैठक में कलेक्टर ऋषव गुप्ता ने कहा कि आगामी सोमवार की साप्ताहिक समीक्षा बैठक में "बस्ती विकास योजना" के तहत स्वीकृत कार्यों की विस्तार से समीक्षा की जाएगी।

**भागवत कथा** — **कथाओं के माध्यम से श्रद्धालुगण धर्म और संस्कृति से जुड़े रहते हैं-दीदी सावित्री देवी तिवारी**

# किशोर नगर में भागवत कथा के शुभारंभ पर निकली भव्य कलश यात्रा

**नवभारत न्यूज**

**खंडवा। कथाओं के माध्यम से धर्म की प्रभावना के साथ श्रद्धालुगण धर्म और संस्कृति से जुड़े रहते हैं। कथा श्रवण से ही हमारे मन को शांति के साथ पुण्य की प्राप्ति होती है। महापुराण कथा श्रवण से मनुष्य का जीवन तर जाता है। वही यदि संकल्प के साथ कथा सुनी जाए तो पितरों को भी मोक्ष की प्राप्ति होती है। हम सब का सौभाग्य है कि मध्य प्रदेश के खंडवा में कथा का आयोजन हो रहा है।**

यह बात सोमवार को किशोर नगर रहवासी संघ, अखिल भारतीय ब्राह्मण महिला मोर्चा, श्री मनोकामनेश्वर हनुमान मंदिर प्रबंधन समिति, मनोकामनेश्वर महिला मंडल एवं मनोकामनेश्वर महादेव जी सेवा समिति के तत्वावधान में आयोजित श्रीमद भागवत कथा के प्रारंभ दिवस पर उपस्थित श्रद्धालुओं को अवधपुरी भोपाल की संगीत गुरु कथा प्रवक्ता कृष्ण प्रिया पूज्य दीदी सावित्री देवी तिवारी के कहीं।

यह जानकारी देते हुए समिति प्रवक्ता निर्मल मंगवानी ने बताया कि श्रीमद भागवत कथा का आयोजन मंदिर पुजारी पं. मनोज उपाध्याय के सानिध्य में सोमवार 22 दिसम्बर से रविवार 28 दिसम्बर तक प्रतिदिन दोपहर 1 से शाम 5 बजे तक किशोर नगर में होगा। कथा के शुभारंभ अवसर पर सोमवार को प्रातः 10 बजे कलश पूजन के पश्चात दोपहर 12 बजे से एक भव्य कलश यात्रा संघ अध्यक्ष पं प्रेम नारायण तिवारी के दिशानिर्देश में कथा स्थल हनुमान वाटिका से क्षेत्र में निकाली गयी। जिसमें बैंड बाजों की मधुर भक्तिमय स्वर लहरियों के साथ बड़ी संख्या में नन्ही मुन्नी बालिकाओं के साथ मातृशक्ति ने सिर पर कलश रखकर भाग लिया। कलश यात्रा में कथा के मुख्य यजमान अपने सिर पर श्रीमद महापुराण ग्रंथ धारण किए हुए चल रहे थे। श्री मंगवानी ने बताया कि कथा प्रतिदिन दोपहर 1 से 5 बजे तक आयोजित होगी।

कथा के दौरान मनोकामनेश्वर महिला मंडल मातृशक्ति, किशोर नगर रहवासी संघ, अखिल भारतीय ब्राह्मण महिला मोर्चा संघ, रिद्धि-सिद्धि महिला मंडल, श्री सिद्धिविनायक गणेश मंदिर, महिला मंडल आनंद नगर, सुभाष नगर, शुक्ला नगर, कावेरी विहार कालोनी आदि समिति पदाधिकारी, सदस्यों सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने उपस्थित होकर प्रथम दिवस की कथा का श्रवण किया।



